# ग्रेटर निगम बोर्ड की आखिरी ई.सी. मीटिंग में 2 घंटे चला राजनैतिक ड्रामा

## महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर व 13 सदस्य करते रहे कोरम पूरा होने का इंतजार, 4 बजे की बैठक 6 बजे शुरू हुई

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** ग्रेटर नगर निगम बोर्ड की आखिरी कार्यकारी समिति (ईसी) की बैठक में शनिवार को राजनैतिक ड्रामा देखने को मिला। शॉर्ट नोटिस (कम समय में दी गई सूचना) पर बुलाई इस बैठक में मेयर डॉ. सौम्या गुर्जर, बैठक में मौजूद करीब 13 समिति सदस्य और अधिकारी ईसी हॉल में 2 घंटे तक कोरम पूरा होने का इंतजार करते रहे। इधर ईसी के कई सदस्य डिप्टी मेयर पुनीत कर्णावत के चैम्बर में बैठे रहे। दो घंटे तक बार-बार फोन करने के बाद पांच अन्य सदस्य और बैठक में पहुंचे तो बैठक शुरू हुई, जो 1.30 घंटे में खत्म हो गई।

दरअसल, मेयर ने ये बैठक बुलाने के लिए दो से तीन दिन पहले ही नोटिस जारी किया और एजेंडा सदस्यों को भिजवाया। इसे लेकर डिप्टी मेयर पुनीत कर्णावत समेत कार्यकारी समिति के अन्य कई सदस्यों ने नाराजगी जताई। सदस्यों ने बैठक की तारीख 1 नवंबर (देवउठनी एकादशी) पर सभी के व्यस्त होने का हवाला देकर भी बैठक का विरोध किया।इस दौरान डिप्टी मेयर के अलावा शील धाबाई, अभय पुरोहित, अर्चना



ग्रेटर नगर निगम बोर्ड की आखिरी कार्यकारी समिति ( ईसी ) की बैठक आयोजित हुई।

शर्मा, हरीश शर्मा, रश्मि सैनी समेत कुल 10 सदस्यों ने बैठक के बीच एक लिखित ज्ञापन मेयर को भिजवाया और बैठक के बुलाने का विरोध जताते हुए 6 अथवा 7 नवंबर को बैठक बुलाने और 7 दिन पूर्व का नोटिस जारी करने की मांग रखी। इसे लेकर अभय पुरोहित बैठक में आए और मेयर को ज्ञापन देकर चले गए। लेकिन मेयर ने इसे नजरअंदाज करते हुए कोरम को पूरा होने का इंतजार किया।

तय समय पर ईसी के करीब 7-8 सदस्य और अधिकारी ईसी हॉल में शाम 4 बजे पहुंच गए। करीब 15 मिनट के अंतराल में मेयर भी पहुंची, लेकिन तब भी कोरम (19 सदस्यों की जरूरत) पूरा नहीं हुआ।

इस दौरान मेयर ने वहां मौजूद पार्षदों से अपने-अपने क्षेत्र की सदस्याओं को

- ईसी के कई सदस्य डिप्टी मेयर पुनीत कर्णावत के चैम्बर में बैठे रहे, फोन पर बिजी होने का हवाला देते रहे

रखने और उन पर चर्चा शुरू करवा दी। करीब एक घंटे बाद यानी 5 बजे तक कुल 14 ही सदस्य बैठक में हुए तो मेयर ने एक घंटे और इंतजार करने के लिए बैठक को होल्ड करवा दिया।शाम करीब 6 बजे बैठक में 5 अन्य सदस्य जब पहुंचे तो कोरम पूरा हुआ और बैठक शुरू हुई। इसके बाद एक-एक करके प्रस्ताव पढ़े गए और उन्हें बिना चर्चा किए पास करते हुए 30 मिनट में बैठक को खत्म कर दिया। इस बैठक में 70 प्रस्तावों का एजेंडा रखा गया। इसमें से 40 प्रस्ताव तो पार्क, सड़क, चौराहों के नामकरण के रखे गए। इसके अलावा एक प्रस्ताव महारानी फार्म में भगवान परशुराम जी की प्रतिमा लगाने के अलावा 29 प्रस्ताव कर्मचारियों के नियमित करने, पदोन्नित की अनुशंसा के प्रस्ताव रखे गए।

## एकलपीठ के टिप्पणियों के खिलाफ आरपीएससी की सदस्य पहुंची हाईकोर्ट

**जयपुर।** एसआई भर्ती पेपर लीक-2021 मामले में एकलपीठ की ओर से भर्ती रद्द करने के संबंध में दिए आदेश में आरपीएससी की सदस्य संगीता आर्य के खिलाफ टिप्पणियां करने के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दायर की गई है। संगीता आर्य की ओर से पेश इस अपील पर खंडपीठ आगामी दिनों में सुनवाई करेगी। इससे पहले आयोग के पूर्व अध्यक्ष संजय श्रोत्रिय और पूर्व सदस्य मंजू शर्मा भी इस मुद्दे पर अपील पेश कर चुके हैं।अपील में कहा गया कि एकलपीठ ने अपीलार्थी का पक्ष जाने बिना ही उसके खिलाफ तल्ख टिप्पणियां की है और मामले में उसकी भूमिका पर सवाल उठाए। जबकि वह याचिका में पक्षकार भी नहीं थी। इसके अलावा जांच एजेंसी ने भी अपने आरोप पत्र में उसके खिलाफ आरोप प्रमाणित नहीं माने हैं। ऐसे में एकलपीठ की ओर से की गई टिप्पणियों को रद्द किया जाए।

हाईकोर्ट की एकलपीठ में गत 28 अगस्त को मामले में फैसला सुनाते हुए आरपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष और सदस्यों पर टिप्पणियां की थी। जस्टिस समीर जैन ने आदेश में कहा था कि पूर्व सदस्य रामू राम राईका की बेटी को शोभा राइका को इंटरव्यू में अच्छे अंक मिले थे। इसके लिए राईका ने आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष संजय श्रोत्रिय और सदस्य बाबूलाल कटरा, मंजू शर्मा, संगीता आर्य और जसवंत राठी (अब मृतक) से मुलाकात की थी।

## सार-समाचार

### संगमानंद को मिलेगा मोहन आलोक साहित्य सम्मान

**जयपुर।** साहित्य, संस्कृति एवं सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पित प्रयास संस्थान अपने पुरस्कार, सम्मानों की शृंखला में चूरू अंचल के स्थानीय साहित्यकारों, साहित्य सेवियों के लिए अंचल में जन्मे प्रख्यात साहित्यकार मोहन आलोक की स्मृति में स्थापित 'मोहन आलोक साहित्य सम्मान' देता है। इसी कड़ी में वर्ष 2025 के लिए चूरू निवासी साहित्यकार, विचारक ओर पत्रकार संगमानंद को यह सम्मान मिलेगा।प्रयास संस्थान के सचिव कमल शर्मा ने बताया कि इसी माह चूरू में सम्मान स्वरूप शॉल, श्रीफल, साफा, प्रतीक चिह्न आदि प्रदान कर सम्मान्य साहित्यसेवी संगमानंद की सेवाओं को सम्मानित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले साहित्यकार शंकर लाल झकनाड़िया, सुरेंद्र पारीक रोहित को भी यह सम्मान मिल चुका है।

### आचार्यों ने किया विष्णु सहस्त्रनाम पारायण

**जयपुर।** श्री गलता पीठ में मनाए जा रहे ब्रह्मोत्सव के तीसरे दिन शनिवार को स्वामी अवधेशाचार्य महाराज के सान्निध्य में अनेक धार्मिक कार्यक्रम हुए। स्वामी राघवेंद्र ने बताया कि शनिवार को अपराह्न 3 बजे विष्णु सहस्त्रनाम पारायण एवं वेंकटेश अष्टोत्तरशत अर्चना हुई। विद्वानों और बटुकों ने सस्वर मंत्रोच्चार किया। इसी कड़ी में दोपहर दो बजे से कल्याणोत्सव, तीर्थ भ्रमण, डोला उत्सव होगा। सोमवार को सुबह शेषवाहन दर्शन, अपराह्न तीन बजे पुष्पार्चन होगा।

### सरकार किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्ध

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार कृषक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। इसी क्रम में राज्य सरकार ने प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को बड़ी राहत दी है। खरीफ फसल वर्ष 2025 के दौरान अतिवृष्टि से प्रभावित 7.63 लाख किसानों के लिए कृषि आदान अनुदान स्वीकृत किया है।निर्णय के अनुसार अतिवृष्टि से 33 प्रतिशत से अधिक फसल नुकसान होने पर 6 जिलों की 43 तहसीलों के 3777 गांव गिरदावरी के आधार पर आपदा प्रभावित घोषित किए गए हैं। इन 3777 गांवों में लगभग 7.63 लाख किसानों को आपदा राहत कोष से कृषि आदान अनुदान वितरण के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन 3777 गांवों में झालावाड़ के 1597, धौलपुर के 42, बूंदी के 534, भरतपुर के 349, डीग के 58 और टोंक के 1197 गांव शामिल है। शेष जिलों में फसल नुकसान की फाइनल रिपोर्ट तैयार की जा रही है। रिपोर्ट प्राप्त होते ही अन्य जिलों की स्वीकृतियां भी जारी की जाएंगी।

### साइबर सेल जयपुर पश्चिम ने 28.76 लाख रुपए पीड़ितों के रिफंड कराए

**जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट की पश्चिम जिला पुलिस ने अक्टूबर माह की कार्रवाई का रिकॉर्ड जारी किया है। अक्टूबर माह में पश्चिम जिला पुलिस ने साइबर शील्ड अभियान के पुलिस थाना चोमू, झोटवाड़ा व भांकरोटा में तीन एफआईआर दर्ज की। इसमें आठ बदमाशों को गिरफ्तार किया व एक आरोपी को 170 बीएनएस में गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान खातों में साइबर ठगी से प्राप्त 1,02,32,794 रुपए होल्ड कराए गए। अक्टूबर माह में साइबर सेल जयपुर पश्चिम द्वारा 28,76,267 लाख रुपए पीड़ितों के रिफंड कराए। अक्टूबर माह में अब तक 85 मोबाइल फोन रिकवर किए गए। इनकी बाजार कीमत 22,50,000 लाख रुपए। पुलिस ने इस माह में साइबर अपराध में काम में ली गई 100 फर्जी सिम ब्लॉक करवाई। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि उनकी टीम पुलिस मुख्यालय द्वारा दिए गए सभी टास्क को पूरा कर रही है। टीम निरंतर क्राइम कंट्रोल की दिशा में काम कर रही है।

### इनामी बदमाश पकड़ा

**जयपुर।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) और आतंकवाद निरोधक दस्ता राजस्थान जयपुर (एटीएस) टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए पच्चीस हजार रुपए का शातिर इनामी बदमाश गिरफ्तार किया है। आरोपित जागरण के कार्यक्रम में अपने घर आया हुआ था। इस दौरान दबिश देकर आरोपी को धर-दबोचा गया। एटीएस की टीम ने आरोपित को बाड़मेर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। आरोपित के खिलाफ बाड़मेर और राजस्थान के कई जिलों में मामले दर्ज हैं। आरोपित घारिया गैंग और उसके बाद केशर कालवी ठुप बनाकर अपराधों के ठेके लेता था। एटीएस पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) विकास कुमार ने बताया कि आरोपित अजय सिंह उर्फ अर्जुन सिंह निवासी चौहटन जिला बाड़मेर को गिरफ्तार किया है। आरोपित के खिलाफ कई थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## पेपर पब्लिकेशन के जरिए हुआ नोटिस तामील तो सांसद के वकील पहुंचे हाईकोर्ट

**जयपुर।** जयपुर ग्रामीण लोकसभा चुनाव के मतपत्रों की पुन: गणना से जुडे मामले में पेपर पब्लिकेशन के जरिए नोटिस तामील होने पर सांसद राव राजेन्द्र सिंह के वकील शनिवार को हाईकोर्ट पहुंचे। अधिवक्ता हेमंत सिंह शेखावत की ओर से मामले में पक्षकार बनाए गए सांसद राव राजेन्द्र सिंह का वकालतनामा पेश किया गया। हाईकोर्ट की एकलपीठ कांठोस के पराजित प्रत्याशी अनिल चोपडा की इस चुनाव याचिका पर आगामी दिनों में सुनवाई करेगी।पूर्व में सुनवाई के दौरान अदालत के सामने आया था कि मामले में सांसद राव राजेन्द्र सिंह को नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन नोटिस की उन पर तामील नहीं हुई। इस पर अदालत ने पेपर पब्लिकेशन के जरिए सांसद पर नोटिस तामील कराने को कहा था। इसके बाद इस संबंध में समाचार पत्र में नोटिस की सूचना जारी की गई थी। याचिका में बताया गया कि याचिकाकर्ता को 1615 मतों से पराजित बताया गया था। जबकि निर्वाचन विभाग की उसी दिन की नोटशीट में 2738 बैलेट खारिज होने बताया गया। याचिकाकर्ता की ओर से इस संबंध में रिटर्निंग ऑफिसर को शिकायत दी गई, लेकिन उन्होंने 1225 बैलट ही खारिज बताकर पुन: मतगणना से इनकार कर दिया। याचिका में कहा गया कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत निर्वाचन विभाग को खारिज मतपत्र प्रत्याशी को दिलाने होते हैं, लेकिन विभाग ने याचिकाकर्ता को खारिज मतपत्र नहीं दिखाए। ऐसे में जीत के अंतर के मत खारिज मतों की संख्या से कम होने के कारण मतों की पुन: गणना के निर्देश दिए जाए।

## चोरी के दुपहिया वाहन बरामद

**जयपुर।** खोराबीसल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकबजनी और चोरी करने वाले गिरोह के बदमाशों को धर-दबोचा है और उनके पास से 12 चोरी के सिलेंडर और वारदात में प्रयुक्त दो चोरी के दुपहिया वाहन भी बरामद किया है। इसके एक चोरी का माल खरीदने वाला भी शामिल है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित चोरी की बाइक से सुने और बंद मकानों की रैकी कर फिर वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि खोराबीसल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकबजनी और चोरी करने वाले गिरोह शातिर बदमाश 32 वर्षीय हरिराम रैगर निवासी खोराबीसल जयपुर,35 वर्षीय उम्मेद सिंह उर्फ बंटी निवासी चौमू हाल दौलतपुरा जयपुर,34 वर्षीय बाबूलाल मेहरा निवासी खोराबीसल जयपुर, 24 वर्षीय शुभम सैनी निवासी मुरलीपुरा,30 वर्षीय नरेन्द्र सैनी उर्फ नंदू उर्फ कालू निवासी मुरलीपुरा जयपुर और 30 वर्षीय विवेक शर्मा निवासी मुरलीपुरा जयपुर को गिरफ्तार किया गया है।

## आर्य समाज की 150वीं वर्षगांठ पर स्वामी रामदेव जी ने प्रेरित किया वैश्विक सम्मेलन

**नई दिल्ली।** आर्य समाज की 150वीं वर्षगांठ के वैश्विक समारोह में स्वामी रामदेव जी ने भावनात्मक और प्रेरणादायक उद्बोधन दिए। स्वामीजी नेअनुयायियों से आव्हान किया कि वें जीवन में सत्य, एकता और करुणा जैसे सनातन वैदिक मूल्यों को आत्मसात करें।

अपने प्रेरक संबोधन में स्वामी रामदेव जी ने महर्षि दयानंद सरस्वती को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें वह योगी और दृष्टा कहा जिन्होंने वैदिक ज्ञान को पुनर्जीवित किया और राष्ट्रीय चेतना को जगाया। उन्होंने भावपूर्ण काव्य पंक्तियों का उद्धरण देते हुए दयानंद जी के अटूट साहस, त्याग और राष्ट्र की आध्यात्मिक पहचान को पुनर्स्थापित करने में उनकी भूमिका का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि महर्षि दयानंद ने गुरुकुल प्रणाली और सामाजिक सुधारों के माध्यम से नारी सशक्तिकरण के लिए जो योगदान दिया, वह युगों तक याद किया जाएगा। स्वामी रामदेव जी ने यह भी कहा कि भारत की

- 'भारत की स्वतंत्रता संग्राम में आर्य समाज की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है'

स्वतंत्रता संग्राम में आर्य समाज की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है।

उन्होंने इसे राष्ट्र के आध्यात्मिक पुनर्जागरण की रीढ़ बताया। उन्होंने याद दिलाया कि औपनिवेशिक काल में नष्टप्राय हो चुकी गुरुकुल शिक्षा प्रणाली को स्वामी श्रद्धानंद, स्वामी दर्शानंद जैसे संतों और सुधारकों के अथक प्रयासों से पुनर्जीवित किया गया। वैदिक और आधुनिक शिक्षा के संगम के इसी दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप आज भारतीय शिक्षा बोर्ड जैसे उपक्रम प्रारंभ हुए हैं, जिनमें वेद, दर्शन और राष्ट्रीय गौरव को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया गया है।उन्होंने कहा कि सच्ची स्वतंत्रता केवल राजनीति तक सीमित नहीं, बल्कि शिक्षा, संस्कृति और विचारों की स्वतंत्रता भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने आर्य समाज परिवार से आ ान किया कि वे महर्षि दयानंद के उस स्वप्न को साकार करने के लिए अपना जीवन समर्पित करें जिसमें भारत ज्ञान, विवेक और आत्मनिर्भरता के शिखर पर पहुँच सके। हम ऋषियों की परंपरा के ज्ञानप्रचारक हैं। हमारा कर्तव्य है कि हम अपने हर कर्म में सत्य, साहस और देवत्व को जिएं, उन्होंने कहा।गुरुकुल की छात्राओं ने इस अवसर पर एक भावनात्मक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया जिसमें नशे की लत जैसी सामाजिक बुराइयों का विरोध करते हुए युवाओं को सही दिशा में प्रेरित करने का संदेश दिया गया। आर्य महासम्मेलन के तीसरे दिन के अंत में उपस्थित जनों ने यह संकल्प लिया कि वे आर्य समाज के उस मिशन को आगे बढ़ाएंगे जो सत्य, समानता और वेदों के शाश्वत प्रकाश से मानवता का पथ प्रशस्त करता है।

## रोज़ी बारोलिया को मिला आयरन लेडी अवार्ड-2025

**जयपुर।** भारत रत्न एवं देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर आयोजित इंदिरा गांधी संकल्प दिवस के अवसर पर जयपुर का रोटरी क्लब सभागार एक ऐतिहासिक समारोह का साक्षी बना। यह आयोजन अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच एवं इंडो-नेपाल समरसता संगठन के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। इस भव्य अवसर पर समाजसेवा, सौंदर्यकला और मानवीय संवेदनाओं की प्रेरणा बन चुकीं रोज़ी बारोलिया को उनके उत्कृष्ट सामाजिक योगदान, महिला सशक्तिकरण तथा ट्रांसजेंडर समुदाय के आत्मनिर्भरता प्रयासों के लिए आयरन लेडी अवार्ड - 2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच के अध्यक्ष डॉ. एच. सी. गनेशिया जी द्वारा प्रदान किया गया।

## महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का काम करेगी लाड़ो लक्ष्मी योजना : डॉ. सतीश पूनियाँ

### हरियाणा प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है : डॉ. सतीश पूनियाँ

**चंडीगढ़।** भाजपा हरियाणा प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनियाँ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और सीएम नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। डा. पूनिया ने हरियाणा के 60वें स्थापना दिवस के अवसर पर सभी हरियाणवासियों को शुभकामनाएं देते हुए हरियाणा की खुशहाली और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डा. पूनिया ने दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं के खातों में पहली किस्त 2100 रुपये जारी करने पर नायब सरकार का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि लाडो लक्ष्मी योजना

- भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनियाँ ने हरियाणा के स्थापना दिवस पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं
- बिहार की पहली पसंद एनडीए सरकार : डॉ. सतीश पूनियाँ

महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का काम करेगी।

भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कहा कि हरियाणा ने हर क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों के अथक परिश्रम और मेहनत से हरियाणा नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के किसान, जवान और पहलवान समृद्ध एवं सशक्त भारत की पहचान हैं। डा. सतीश पूनिया ने कहा कि पिछले 11 वर्षों से भाजपा सरकार हरियाणा में बिना भेदभाव किए तेजी से विकास के कार्य करा रही है।

हरियाणा की महिलाओं को दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना की पहली किस्त जारी करने पर भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कहा कि लाडो लक्ष्मी योजना से महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत होंगी। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में नायब सरकार का यह बड़ा कदम है। डा. पूनिया ने कहा कि भाजपा जो संकल्प लेती है उसे पूरा करती है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा ने जो संकल्प लिए हैं उन्हें नायब सरकार लगातार पूरा कर रही है। डा. सतीश पूनिया ने कहा कि हरियाणा की नायब सरकार ने पेपरलेस रजिस्ट्री प्रणाली की शुरुआत कर पारदर्शी कार्यशैली का प्रमाण दिया है। डा. सतीश पूनिया ने कहा कि डबल इंजन की सरकार लगातार जनहित में निर्णय लेकर लोगों की सेवा कर रही है। अपने हर वादे को पूरा कर रही रही है। उन्होंने कहा कि सभी वर्गों का विकास ही भाजपा सरकार का लक्ष्य है।

बिहार विधानसभा चुनाव पर डा. सतीश पूनिया ने कहा कि लोगों की पसंद एनडीए सरकार है। बिहार की जनता बिहार के विकास और तरक्की के लिए एनडीए की सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों को पीएम मोदी और सीएम नीतिश कुमार पर भरोसा है। लोगों को इस बात पर भी भरोसा है कि भाजपा जो कहती है वह करके दिखाती है। डा. पूनिया ने कहा कि विधानसभा चुनावा में भारी बहुमत के साथ बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी।

## अशोक गहलोत केवल बयानवीर जहां भाजपा जीतती है वहीं प्रश्न उठाते हैं

**जयपुर।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत केवल बयानवीर है, वे ट्वीट और प्रेस में ही बयान देते रहते है। उन्होंने कहा कि करीब दो वर्ष से भारतीय जनता पार्टी का शासन है, पर ऐसी कोई बात नहीं आई कि कोई सरकार पर प्रश्न उठा सके। लेकिन गहलोत प्रश्न लगाते रहते हैं, चुनाव आयोग, डेमोक्रेसी, और हरियाणा इलेक्शन, महाराष्ट्र इलेक्शन पर जहां भारतीय जनता पार्टी भारी बहुमत से जीती थी। जहां पर उनकी हार होती है वें चुनाव आयोग पर प्रश्न लगा देते हैं। गोदारा ने कहा कि लोकतंत्र खतरे में है यहीं उनके बयान होते हैं। लेकिन अशोक गहलोत 15 साल राजस्थान के मुख्यमंत्री रहे। लोकतंत्र को जितना समीप से उन्होंने देखा उतना किसी ने नहीं देखा। ऐसे में उन्हें कम से कम ऐसे वाक्य नहीं बोलने चाहिए, जिससे आमजन का लोकतंत्र पर विश्वास डगमगाए। उनके बयानों से लोगों के मन में बड़ा दुख होता हैं।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दिन-रात लगे है जनसेवा के कार्य में- खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भ्रष्टाचार और पेपरलीक पर जीरो टोलरेन्स नीति के अन्तर्गत कार्य किया है। आज राजस्थान के युवा को गर्व है कि राजस्थान में ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने लगभग 2 वर्ष के समय में एक भी पेपरलीक नहीं होने दिया।

हमारे मुख्यमंत्री जनसंवाद से लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय में देर रात्रि तक कार्य करते है। वहीं, 15वीं विधानसभा के कार्यकाल के दौरान गहलोत मुख्यमंत्री कार्यालय ही नहीं जाते थे। यहीं फर्क है भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस सरकार में।

## राजस्थान को एक्सीलेंस इन विंड एंड हाइब्रिड पॉलिसी पुरस्कार

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राजस्थान अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में देश में अग्रणी है। इस दिशा में 30 एवं 31 अक्टूबर को चेन्नई में आयोजित विंडर्जी इंडिया 2025 सम्मेलन में राज्य को एक्सीलेंस इन विंड एंड हाइब्रिड पॉलिसी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी ने राजस्थान सरकार एवं राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम लिमिटेड को यह सम्मान प्रदान किया। राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम की और से यह पुरस्कार जनरल मैनेजर राजीव सिंह ने ग्रहण किया।

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने बताया कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश पवन एवं हाइब्रिड ऊर्जा उत्पादन में निरंतर आगे बढ़ रहा है। यह पुरस्कार राज्य सरकार की नीतियों और स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में निरंतर हो रही प्रगति का ही परिणाम है। उन्होंने कहा कि राज्य की निवेशक-हितैषी नीतियाँ और ऊर्जा विभाग की सक्रिय भूमिका ने राजस्थान को देश का अग्रणी 'ग्रीन एनर्जी हब' बनाया है। राज्य सरकार का उद्देश्य



चेन्नई में आयोजित विंडर्जी इंडिया 2025 सम्मेलन में राज्य को एक्सीलेंस इन विंड एंड हाइब्रिड पॉलिसी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

राज्य को हरित ऊर्जा निवेश और उत्पादन का वैश्विक केन्द्र बनाना है, जिससे रोजगार, नवाचार और तकनीकी नेतृत्व के नए अवसर सृजित हों और राज्य देश के एनर्जी ट्रांजिशन में पथ-प्रदर्शक की भूमिका निभाए।राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक रोहित गुप्ता ने बताया कि इंडियन विंड टरबाइन मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस सम्मलेन में देश-विदेश के ऊर्जा विशेषज्ञों, नीति-निर्माताओं और उद्योग प्रतिनिधियों ने भाग लिया। राजस्थान

- राज्य की निवेश-हितैषी नीतियों व ऊर्जा विभाग की भूमिका से राज्य बना देश का अग्रणी 'ग्रीन एनर्जी हब'

को यह पुरस्कार पवन और हाइब्रिड ऊर्जा क्षेत्र में लागू की गई दूरदर्शी नीतियों, निवेशक-अनुकूल वातावरण, तथा सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता के लिए प्रदान किया गया है।राज्य की पारदर्शी निविदा प्रक्रियाओं, नीतिगत प्रोत्साहनों और निवेशक-सहज दृष्टिकोण ने उद्योग जगत का गहरा विश्वास अर्जित किया है। वर्तमान में राजस्थान प्रदेश 40,407 मेगावाट की स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के साथ पूरे देश में प्रथम स्थान पर है तथा बीकानेर के पूगल क्षेत्र में 2450 मेगावाट सोलर तथा 1250 5000 बैटरी ऊर्जा भंडारण क्षमता (बी ई एस एस) का पार्क विकसित किया जा रहा है।

## लंबित प्रोटेस्ट पिटिशन की सुनवाई का रास्ता साफ

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने एकल पट्टा प्रकरण में पूर्व मंत्री शांति धारीवाल सहित अन्य के पक्ष में दी गई एसीबी की क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ एसीबी कोर्ट में लंबित प्रोटेस्ट पिटिशन पर सुनवाई का रास्ता साफ कर दिया है। अदालत ने एसीबी कोर्ट को कहा है कि वह इस पर नियमानुसार सुनवाई कर सकता है। इसके अलावा अदालत ने एसीबी को मामले में अग्रिम जांच की छूट दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले की सुनवाई पांच दिसंबर को तय की है। एक्टिंग सीजे एसपी शर्मा ने यह आदेश शांति धारीवाल की याचिका पर दिए। हाईकोर्ट ने कहा कि एसीबी की क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ प्रोटेस्ट पिटिशन लंबित चल रही हैं और इन पिटिशन पर निर्णय का अधिकार केवल ट्रायल कोर्ट को ही है।

राज्य सरकार के एएसजी एसवी राजू व एएजी शिव मंगल शर्मा ने अदालत को बताया कि शांति धारीवाल की याचिका मेंटेनेबल नहीं है, एसीबी की 12 जून को दी क्लोजर रिपोर्ट से उन्हें क्लीन चिट दी है।

## शंकर जयकिशन के गीतों से सजी महफिल का श्रोताओं ने उठाया लुत्फ

**जयपुर।** जेकेके के रंगायन सभागार में आज शंकर जयकिशन के गीतों से सजी महफिल का श्रोताओं ने जमकर लुत्फ उठाया। अरुणाज़ गीत गाता चल की ओर से गा मेरे मन गा -सीजन 5 के तहत आयोजित इम्मॉर्टल एस जे कार्यक्रम में प्रस्तुत मशहूर संगीतकार जोड़ी शंकर जयकिशन द्वारा संगीतबद्ध गीतों को खूब दाद मिली।

कार्यक्रम में 30 कलाकारों ने उनके सुपर हिट संगीत से सजे एकल और युगल गीतों की प्रस्तुति दी। बॉलीवुड गीतों के स्वर्णकाल कहे जाने वाले 1950, 1960 और 1970 के दशक के लगभग 30 मीठे-मधुर गीतों पर श्रोता झूमने को मजबूर हो गए। अरुणा जैन और जया कल्ला द्वारा किए गए नृत्य कार्यक्रम का आकर्षण रहे। जिन गायक कलाकारों ने कार्यक्रम में अपने गीत पेश किए उनमें अंजन चौधरी, अरुणा जैन, पी सी जैन, अजय कल्ला, प्रेम भारती, वीनू मित्तल, जया कल्ला, रेनू जैन, अरविंद गोयल, बीरेश जैन, देवेंद्र सिन्हा, डॉ विजय अठावाल, हरिश खत्री, प्रवीर मुखर्जी, पुखराज गांधी, आर के चोपड़ा, राकेश डेम्बला, रमेश नजकानी, विक्टर मोटवानी, अन्ना अशोक, डॉ ललिता, इंदुमती, ज्योति अठावाल, मौसमी अधिकारी, माया त्यागी, मीनू ताहिन , रजनी कोठारी, रेनू माथुर, संध्या सक्सेना, शारदा अठावाल, डॉ सुनीता अठावाल और वर्षा श्रीवास्तव शामिल है। इससे पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवरंग खण्डेलवाल और प्रीसाइडिंग गेस्ट सरिता द्विवेदी सहित अन्य अतिथियों ने डीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।